लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

संख्या– 180(i)/01/ई–3/2021–22

प्रयागराज, दिनांकः 12 जनवरी, 2022

विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) (मुख्य) परीक्षा–2021 प्रदेश के तीन जनपदों, यथा– प्रयागराज, लखनऊ एवं गाजियाबाद में दिनांक 28.01.2022 से 31.01.2022 तक आयोजित हो रही है। प्रश्नगत परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये कोविड–19/ओमिक्रोन के दृष्टिगत अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश निर्गत किये जा रहे हैं।

1. परीक्षा हाल में शांति बनाए रखें।
2. परीक्षा हाल में धूम्रपान करना एवं चाय आदि पीना मना है।
3. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा हाल में मोबाइल फोन (बन्द करके भी नहीं) इलेक्ट्रानिक गैजेट्स आदि जिनका संप्रेषण यंत्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है अथवा किसी प्रकार की दाहक सामग्री जैसे माचिस, सिगरेट एवं लाइटर आदि लाने की अनुमति नहीं है।
4. परीक्षा संबंधी कोई भी सामग्री शौचालय में न ले जाएं।
5. प्रत्येक सत्र में परीक्षा के अंतिम 30 मिनट के दौरान किसी भी उम्मीदवार को शौचालय जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. शौचालय जाते समय अपनी प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका (**QCAB**) को इस प्रकार से उल्टा रख कर जाएं कि उसमें लिखा हुआ कहीं से नजर न आए।
7. परीक्षा के दौरान कोई भी उम्मीदवार किसी भी कारण से कक्ष निरीक्षक की पूर्व अनुमति के बिना परीक्षा हाल से बाहर नहीं जाएगा।
8. जब तक परीक्षा के लिए आवंटित समय पूरा नहीं हो जाता, तब तक किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा हाल/कक्ष से जाने की अनुमति नहीं होगी।
9. परीक्षा प्रारम्भ होने के समय परीक्षा हाल में प्रवेश तथा आवंटित समय के पूरा होने के बारे में पर्यवेक्षक का निर्णय अन्तिम होगा।
10. परीक्षा समाप्त होने पर अपने डेस्क पर तब तक बैठे रहें जब तक कि आप की प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका (**QCAB**) न ले ली जाए और जाने की अनुमति न मिल जाए।
11. जो उम्मीदवार प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका (**QCAB**) का कोई अंश साथ ले जाएगें उन्हें दण्ड दिया जाएगा।
12. उम्मीदवार आवंटित समय पूरा हो जाने के बाद न तो कुछ लिखें और न ही उत्तरों को दोहराएं और न ही किसी अन्य उम्मीदवार के साथ बात–चीत करें।
13. परीक्षा समाप्त होने पर जाने की अनुमति मिल जाने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा हाल/कक्ष के आस–पास इधर–उधर घूमते अथवा खड़े नहीं रहना चाहिए।

- कोविड–19/ऑमिक्रोन के दृष्टिगत अभ्यर्थियों को फेस–कवर/मास्क पहनकर ही परीक्षा भवन/कक्ष में प्रवेश करेंगे तथा पानी की पारदर्शी बोतल, सेनेटाइजर भी साथ रखें एवं सोशल डिस्टेंसिंग के मानक का पालन करना अनिवार्य होगा।
- खॉसते या छींकते समय टीश्यू पेपर/रूमाल से मुंह और नाक को ढकें और टीश्यू पेपर को डस्टबिन में ही डालें।
- यदि किसी अभ्यर्थी को बुखार, खॉसी आदि की समस्या हो तो उस अभ्यर्थी के बैठने की व्यवस्था अलग कक्ष में की जायेगी।

(जगदीश)

सचिव।